दिनांक : 16.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचारए

- वैश्विक भविष्य को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है भारत, कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने।
- उज्जैन के श्री महाकाल महालोक परिसर में रूद्रसागर पर बनाए गए सेतु का नाम "सम्राट अशोक सेतु" किया गया।
- प्रदेश के बड़े शहरों के आसपास के नगरों को मिलाकर विकास का कंपोजिट प्लान बनाया जाएगा, कहा मुख्यमंत्री डॉ यादव ने।
- प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति। दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज।

प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत न केवल वैश्विक भविष्य को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है, बल्कि इस चर्चा का नेतृत्व भी कर रहा है। प्रधानमंत्री कल नई दिल्ली मेंएक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा-

भारत टेक्स-2025

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स-2025 में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। इसमें 120 से अधिक देशों के नीति निर्माता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कल एक बयान में कहा कि भारत टेक्स-2025 खास कार्यक्रम है, क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक की संपूर्ण वस्त्र मूल्य शृंखला को एक ही मंच पर एक साथ ला रहा है। भारत टेक्स 2025 में नीति निर्माताओं, वैश्विक सीईओ के साथ-साथ 5000 से अधिक प्रदर्शकों, 120 से अधिक देशों के 6000 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और अन्य लोगों के शामिल किए हैं।

सीएम उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के श्री महाकाल महालोक परिसर में रूद्रसागर पर नवनिर्मित सेतु का नामकरण "सम्राट अशोक सेतु" किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल कहा कि भगवान श्री महाकाल के संरक्षण में होने से अवंतिका नगरी का कभी अंत नहीं हुआ। यहां तपस्या से सीधे मोक्ष प्राप्त होता है। अवंतिका नगरी ने अनादिकाल से भारतवर्ष और सनातन संस्कृति के ध्वज-वाहकों राजा विक्रमादित्य, राजा भृतहरी, राजा अशोक आदि महान सम्राटों को संरक्षण दिया है।

इस मौके पर स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा ने जानकारी दी कि रुद्र सागर के ऊपर निर्मित सेतु 22.5 करोड़ रुपए की लागत से बना है। इसकी लंबाई 200 मीटर और चौड़ाई 9 मीटर है। इससे श्रद्धालुओं को कम से कम चलकर, भगवान श्री महाकाल के दर्शन होंगे।

शिप्रा पानी

उज्जैन की पवित्र नदी क्षिप्रा का पानी शुद्ध होगा और इसके दोनों किनारो पर घाट बनाए जाएंगे। यहां, नावें भी चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कल उज्जैन में हेरिटेज थीम पर नव निर्मित जी प्लस वन सामुदायिक भवन के साथ ही 22 करोड़ 72 लाख रूपये के अलग-अलग विकास कार्यों का भूमि-पूजन और शिलान्यास के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षिप्रा नदी को निर्मल और अविरल बनाने के लिए निरंतर कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि उज्जैन, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर जैसे बड़े शहरों के आसपास के नगरों को मिलाकर विकास का कंपोजिट प्लान बनाया जाएगा, जो आने वाले 50 वर्षों को दृष्टिगत रखते हुए तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम में उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

साक्षरता कार्यक्रम

प्रदेश के सभी जिलों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन कल किया जायेगा। परीक्षा में लगभग 17 लाख से अधिक नवसाक्षर अपनी योग्यता को साबित करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिये 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे असाक्षर को साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

जिनमें यूनेस्को की परिभाषा अनुसार, मुद्रित एवं लिखित सामग्री का उपयोग करके पहचानने, समझने, व्याख्या करने, बनाने, संवाद करने और गणना करने की क्षमता नहीं है। देशभर में यह कार्यक्रम वर्ष-2022 से वर्ष-2027 तक संचालित किया जा रहा है।

डब्ल्यूपीएल-टी20 क्रिकेट

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में वडोदरा में कल रात दिल्ली कैपिटल्स ने रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियन्स को दो विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियन्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 165 रन का लक्ष्य दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

आज शाम वडोदरा में गुजरात जायंट्स का मुकाबला यूपी वॉरियर्स से होगा। यह मैच शाम सा□ सात बजे से खेला जाएगा।

लोक सेवा आयोग परीक्षा

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 आज दो सत्र में होगी। परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए पीएससी ने इस बार 22 सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारियों और न्यायाधीशों को ऑब्जर्वर बनाया है। कटनी जिले में यह परीक्षा शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल माधवनगर, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी एवं शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज कटनी में आयोजित की जायेगी। चयनित तीनों परीक्षा केन्द्रों में कुल 996 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वहीं जिला अशोकनगर पर दो सत्रों में प्रातः10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं दोपहर 02.15 बजे से दोपहर 04.15 बजे तक किया जाएगा। निष्पक्षता और नागरिकों में उसके प्रति विश्वास बनाये रखने के लिए संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये है।

मौसम

प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। दिन में तेज धूप का असर है, तो रात में सर्दी का असर महसूस किया जा रहा है। राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालिय और, जबलपुर समेत कई शहरों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश में ठंडी हवाओं का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक-दो दिनों में तापमान में फिर से बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। धार, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन, रतलाम, उज्जैन, दमोह, खजुराहो, मंडला में तापमान 30 डिग्री के पार पहुंच गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज ग्वालियर और श्योपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल श्री पटेल जिले के आदिवासी विकासखण्ड कराहल एवं विजयपुर विकासखण्ड के भ्रमण पर रहेंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- प्रदेश मे आज साक्षरता परीक्षा का आयोजित होगी। इस परीक्षा में 35 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। श्योपुर जिले के 10 जेल बंदी भी साक्षरता परीक्षा देंगे। आगरमालवा जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा 752 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
- शाजापुर जिले के ग्राम धतुरिया में कल निःशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ।
- रायसेन जिले मंडीदीप में कल जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत कल एक यात्री ट्रेन छतरपुर रेलवे स्टेशन से 279 यात्रियों को लेकर तीर्थ दर्शन करने के लिए रवाना हुई है।
- पन्ना जिले के शाहनगर में कल खेलो इंडिया  फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत टेनिस बाल क्रिकेट प्रीमियम लीग -2025 का फाइनल मैच खेला जाएगा। विजेता टीम को 51 हजार ओर अप विजेता टीम को 31 हजार रुपए दिए जाएंगे।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- वैश्विक भविष्य को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है भारत, कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने।
- उज्जैन के श्री महाकाल महालोक परिसर में रूद्रसागर पर बनाए गए सेतु का नाम “सम्राट अशोक सेतु“ किया गया।
- प्रदेश के बड़े शहरों के आसपास के नगरों को मिलाकर विकास का कंपोजिट प्लान बनाया जाएगा, कहा मुख्यमंत्री डॉ यादव ने।
- प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति। दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज।

-------